जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्र.जीविवि/परीक्षा-2/गोप./2017/1475 दिनांकः 09.12.2017

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय,
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

विषयः- स्नातक तृतीय सेमेस्टर परीक्षा दिसम्बर 2017 हेतु आन्तरिक मूल्यांकन के परीक्षा के अंक ऑनलाइन अपडेट किये जाने बाबत्।

महोदय,

जीवाजी विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक के तृतीय सेमेस्टर परीक्षा दिसम्बर 2017 के आंतरिक मूल्यांकन के आर्नलाइन अंक अपडेट करने के लिए लिंक दिनांक 15.12.2017 के सांय 05:00 बजे तक के लिये खोली जा रही है। अतः सभी महाविद्यालयों से अनुरोध है कि तय समय सीमा में अपने सभी छात्रों का आंतरिक मूल्यांकन ऑनलाइन अपडेट कर हार्ड प्रति विश्वविद्यालय की ओर भेजे। निर्धारित दिनांक के पश्चात किसी भी महाविद्यालय के आंतरिक मूल्यांक किसी भी स्थिति में ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन नहीं लिये जावेंगे जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य का होगा। इसके साथ ही इस बार यह सुनिश्चित किया गया है कि जिन छात्रों के आंतरिक मूल्यांक ऑन लाइन अपडेट नहीं किये जावेंगे ऐसे विद्यार्थियों के आगामी होने वाली परीक्षाओं के प्रवेश पत्र नहीं निकाले जा सकेंगे ऐसी स्थिति में विद्यार्थी परीक्षा देने से वंचित रह सकता है जिसके लिये पूर्णतः जिम्मेदार महाविद्यालय के प्राचार्य होंगे अतः सभी महाविद्यालयों के प्राचार्यो से अनुरोध है कि परीक्षा कार्य में अपना सहयोग प्रदान करे एवं सभी विद्यार्थियों के आंतरिक मूल्यांक तय समय में ऑनलाइन अपडेट करें।

सभी प्राचार्य/वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष यह सुनिश्चित करें कि कोई भी परीक्षार्थी आपके परीक्षा केन्द्र पर बिना प्रवेश पत्र के परीक्षा में सम्मिलित न हो तथा किसी भी परीक्षार्थी को किसी भी दशा में परीक्षा में अण्डरटेकिंग के आधार पर परीक्षा में सम्मिलित न कराया जावे। यदि किसी परीक्षार्थी को परीक्षा में अण्डरटेकिंग के आधार पर सम्मिलित कराया जाता है तो संबंधित महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र का प्राचार्य/वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी रहेंगे।

9/12/2017
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :-

1. समस्त प्राचार्य, समस्त सम्बद्व महाविद्यालय, जीवाजी विश्वविद्यालय परिक्षेत्र, ग्वालियर।
2. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3. कुलसचिव के गोपनीय/निजी सहायक, जीविवि,ग्वालियर

उप-कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)